932 **825(JK)**

**2018**

# सामाजिक विज्ञान

केवल प्रश्नपत्र

( ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरणीय अध्ययन, नागरिक जीवन एवं आर्थिक विकास )

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**निर्देश :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

*निर्देश :* i) यह प्रश्नपत्र दो खण्डों क एवं ख में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न एक साथ हल करना आवश्यक है। प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाय।





ii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

iii) प्रश्नपत्र में **चार** प्रकार के प्रश्न हैं — बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय व विस्तृत उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके आरम्भ में दिये गये हैं।

iv) **क** तथा **ख** खण्डों हेतु दिये गये मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

v) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के स्थान पर अलग से **खण्ड - क** में प्रश्न संख्या **14** तथा **खण्ड - ख** में प्रश्न संख्या **28** के उत्तर लिखने के लिये दिये गये हैं।

## खण्ड - क

### ( बहुविकल्पीय प्रश्न )

निर्देश : निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

1. राफेल कौन था ?
   (क) कवि
   (ख) वैज्ञानिक
   (ग) चित्रकार
   (घ) दार्शनिक। 1

2. 'सत्यार्थ प्रकाश' का सम्बन्ध किस से है ?
   (क) ब्रह्म समाज
   (ख) आर्य समाज
   (ग) रामकृष्ण मिशन
   (घ) थियोसोफिकल सोसाइटी। 1

3. भगत सिंह को कब फांसी दी गयी ?
   (क) 23 मार्च, 1927
   (ख) 23 मार्च, 1931
   (ग) 23 मार्च, 1935
   (घ) 23 मार्च 1937. 1





4. भारत के किस राज्य में द्विसदनीय व्यवस्थापिका है ?
   (क) महाराष्ट्र
   (ख) मध्य प्रदेश
   (ग) पश्चिम बंगाल
   (घ) पंजाब। 1

5. निम्न में से कौन रूसी क्रान्ति से सम्बन्धित था ?
   (क) रूसो
   (ख) बिस्मार्क
   (ग) लेनिन
   (घ) इरैस्मस । 1

6. सर्वोच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति कौन करता है ?
   (क) प्रधान न्यायाधीश
   (ख) प्रधान मंत्री
   (ग) न्यायिक आयोग
   (घ) राष्ट्रपति। 1

### ( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )

7. भारतीय सैन्य संगठन का संक्षिप्त विवरण दीजिए। 2
8. लोक अदालतों की किन्हीं दो विशेषतायें बताइए। 1 + 1
9. रूसो कौन था ? उसकी प्रसिद्ध रचना कौन-सी है ? 1 + 1

( लघु उत्तरीय प्रश्न )

10. उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को उनके पद से हटाने की क्या प्रक्रिया है ? स्पष्ट कीजिए। 3

अथवा

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति किस प्रकार की जाती है ? 3

11. स्वामी विवेकानन्द कौन थे ? उनकी लोकप्रियता के क्या कारण थे ? 1 + 2

अथवा

नेपोलियन कौन था ? वह क्यों प्रसिद्ध है ? 1 + 2

( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )

12. द्वितीय विश्व युद्ध का विश्व पर क्या प्रभाव पड़ा ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। 4 + 2

अथवा

नेशनल कैडेट कोर का संक्षिप्त विवरण दीजिए। 6





13. देश की सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए सरकार को क्या उपाय करने चाहिए ? 6

अथवा

संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई ? इसकी स्थापना के क्या उद्देश्य थे ? 2 + 4

( मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न )

निर्देश : निम्नलिखित स्थानों को भारत के रेखा मानचित्र में ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही अंकन के लिये $\frac{1}{2}$, $\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित है :

14. (i) वह स्थान जहाँ उत्तर प्रदेश का उच्च न्यायालय स्थित है। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) वह स्थान जहाँ महात्मा गाँधी का जन्म हुआ। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) वह स्थान जहाँ स्वर्ण मन्दिर स्थित है। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) वह नगर जहाँ दिल्ली से पहले ब्रिटिश की भारत में राजधानी थी। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) वह स्थान जहाँ लालकिला स्थित है। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

( केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये
मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में )

**निर्देश :** ये प्रश्न मानचित्र कार्य के विकल्प स्वरूप हैं। इन प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

14. (i) उत्तर प्रदेश का उच्च न्यायालय कहाँ स्थित है ? 1

(ii) महात्मा गाँधी का जन्म कहाँ हुआ था ? 1

(iii) स्वर्ण मन्दिर कहाँ स्थित है ? 1

(iv) दिल्ली से पहले ब्रिटिश की भारत में राजधानी कहाँ थी ? 1

(v) लालकिला कहाँ स्थित है ? 1

**खण्ड - ख**

**( बहुविकल्पीय प्रश्न )**

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

15. 2011 की जनगणना के अनुसार देश में साक्षरता प्रतिशत है

(क) 43·5

(ख) 52·2

(ग) 73·0

(घ) 75·85 1





16. कोडरमा खान सम्बन्धित है

(क) लौह अयस्क से

(ख) ताँबा से

(ग) अभ्रक से

(घ) बाक्साइट से। 1

17. सुन्दरवन पाया जाता है

(क) गंगा डेल्टा में

(ख) गोदावरी डेल्टा में

(ग) महानदी डेल्टा में

(घ) कावेरी डेल्टा में। 1

18. भारत में सर्वाधिक रबड़ उत्पन्न करने वाला राज्य है

(क) तमिलनाडु

(ख) केरल

(ग) कर्नाटक

(घ) उड़ीसा। 1

19. योजना आयोग के स्थान पर सन् 2015 में गठित होनेवाला आयोग है

(क) वाणिज्य आयोग

(ख) वित्त आयोग

(ग) नीति आयोग

(घ) लोक आयोग। 1

20. भारत में नवीन आर्थिक उदारीकरण की नीति किस वर्ष से आरम्भ हुयी थी ?

(क) 1988

(ख) 1991

(ग) 1998

(घ) 1981. 1

( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )

21. अभ्रक के कोई दो उपयोग लिखिए। 1 + 1

22. नेपानगर किस राज्य में स्थित है और किस उद्योग से सम्बन्धित है ? 1 + 1

23. वस्तु विनिमय प्रणाली को परिभाषित कीजिए तथा उसकी एक कठिनाई का उल्लेख कीजिए। 1 + 1



( लघु उत्तरीय प्रश्न )

24. ऊर्जा संसाधन से क्या तात्पर्य है ? भारत में किन्हीं दो ऊर्जा क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए। 1 + 1 + 1

अथवा

कुटीर उद्योग को परिभाषित कीजिए। इसके दो महत्व का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। 1 + 1 + 1

25. भारत के विदेशी व्यापार की तीन प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 1 + 1 + 1

अथवा

'श्रम' का क्या आशय है ? कुशल एवं अकुशल श्रम में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 1 + 2

( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )

26. भारत में परिवहन साधनों का वर्णन कीजिए तथा उनके महत्व पर प्रकाश डालिए। 3 + 3

अथवा

मौद्रिक नीति का उद्देश्य समझाइए एवं भारतीय रिजर्व बैंक के किन्हीं चार कार्यों का उल्लेख कीजिए।

2 + 1 + 1 + 1 + 1

"कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है।" क्यों ? भारतीय कृषि के पिछड़ेपन के किन्हीं चार कारणों की विवेचना कीजिए। 2 + 1 + 1 + 1 + 1

**अथवा**

बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना से आप क्या समझते हैं ? उनके चार उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए।

2 + 1 + 1 + 1 + 1

**( मानचित्र कार्य )**

निर्देश : दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए :

28. (i) गोदावरी नदी ⁄ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) सतपुड़ा पर्वत ⋀⋀ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) चन्डीगढ़ ● चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) इलाहाबाद से दिल्ली रेलमार्ग ┼┼┼ चिह्न द्वारा तथा बीच का एक स्टेशन नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) कपास उत्पादन का एक क्षेत्र ▨ चिह्न द्वारा। 1





**( केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में )**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

28. (i) गोदावरी नदी किस खाड़ी में गिरती है ? 1

(ii) बंगलुरु किस राज्य की राजधानी है ? 1

(iii) कपास उत्पादक किसी एक राज्य का नाम लिखिए। 1

(iv) नागपुर किस राज्य में स्थित है ? 1

(v) जूट उद्योग के किसी एक केन्द्र का नाम लिखिए। 1